शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट – सराहनीय कार्य, दिनांक- 22.08.2024,

थाना बण्डा पुलिस को मिली बडी सफालता

थाना बण्डा पुलिस द्वारा महिला पर तेजाब डालने वाले शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशन में श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुवायां महोदय जनपद शाहजहाँपुर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम/गश्त के दौरान दिनाँक 22.08.2024 को थाना बण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 20.08.2024 को वादिनी श्रीमती आरती पत्नी गुड्डी नि0 मो0 जाटवपुरा थाना बिलसंडा पीलीभीत द्वारा एक प्रार्थना पत्र देकर थाना हाजा पर मु0अ0सं0-545/2024 धारा 124(1)/352/351(3) बीएनएस बनाम भगवानदास पुत्र रामदास नि0ग्राम इदारतपुर पगार थाना बिलसंडा पीलीभीत के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक जयचन्द गिरि द्वारा सम्पादित की जा रही है। प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में उपरोक्त अभियुक्तगण की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। जिसके टीम प्रभारी, श्री राकेश कुमार मौर्य प्रभारी निरीक्षक बण्डा थे। इसी क्रम में आज दिनांक-22.08.2024 को उप निरीक्षक जयचन्द गिरि मय हमराही कर्म0गण के देखरेख शान्ति/कानून व्यवस्था, चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अपराधी, अभियान रोकथाम अवैध शस्त्र बरामदगी / शराब कसीदगी-बिक्री व रोडगश्त इलाका थाना क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना/निशादेही पर भगवान दास उपरोक्त को गहलुइया नहर पुल से करीब 20—25 कदम की दूरी पर समय करीब 07.53 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त भगवान दास उपरोक्त द्वारा झाडियो मे से निकालकर एक अदद कांच की बोतल (जिसमें तरल पदार्थ भरा है) सुपुर्द की गयी जिसको मौके पर सील सर्व मोहर कर नमूना मोहर कर फर्द तैयार की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही के बाद अभियुक्त भगवान दास उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना बिलसंडा पीलीभीत में भी छेडछाड करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत है।

➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. भगवानदास पुत्र रामदास नि0ग्राम इदारतपुर पगार थाना बिलसंडा पीलीभीत,

➢ बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद कांच की बोतल (जिसमें तरल पदार्थ भरा है) सील सर्व मोहर,

➢ अपराधिक इतिहास का विवरण-

1. मु0अ0सं0-142/2019 धारा 354/506 भादवि बनाम भगवानदास आदि थाना बिलसंडा पीलीभीत,
2. मु0अ0सं0-331/2018 धारा 60 आब0अधि0 बनाम भगवानदास आदि थाना बिलसंडा पीलीभीत,
3. मु0अ0सं0-449/2022 धारा 354/354ख/376/506 भादवि बनाम भगवानदास आदि थाना बिलसंडा पीलीभीत,
4. मु0अ0सं0-57/2019 धारा 60 आब0अधि0 बनाम भगवानदास आदि थाना बण्डा शाहजहाँपुर,

➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राकेश कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
2. उ0नि0 जयचन्द गिरि थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
3. का0 1326 कर्मवीर सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
4. का0 2509 दीपू शर्मा थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,